# राजस्थान सरकार

( कायदा – 129 )

जनरल रूल्स सिविल रूल्स 129 अपेन्डेंक्स फार्म नंबर 8 के

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बिजौलिया जिला – भीलवाड़ा (राज.)

2024/135 ✓

| किस्म मुकदमा<br>1 | नंबर मुकदमा<br>2 | तारीख दायर<br>3 | तारीख फैसला<br>4 | पेशी दिनांक<br>5 |
|---|---|---|---|---|
| 111-128<br>प्रार्थना पत्र | 75/24 | 3/4/24 | [illegible]<br>23/04/24 | 18/4/24 |

अनवान

श्री दीपक / प्रभुलाल मीणा श्री गौरव / चौसा बलाई

निवासी कामां निवासी गणेशपुरा

अधिवक्ता वादी / प्रार्थी /अपीलान्ट अधिवक्ता प्रतिवादी / विपक्षी/ रेस्पोडेंट

डिक्रीदार मदयून

श्री मनीष धाकड़ श्री ........

# FORM NO. III

## फर्द अहकम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम बिजौलियां

दीपक बनाम गोरू

किस्म मुकदमा – 111-128 नम्बर 75/2024

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 3/4/2024 | प्रार्थना पत्र सीगे से बाद जांच पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र जारी हों। पत्रावली वास्ते तलबी/जवाब दिनांक 18/4/2024 को पेश हों।<br><br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां | तामील प्राप्त |
| 18/4/24 | पत्रावली पेश हुई। विपक्षीगण की बाद तामील प्राप्त हुई, जिन्हें शामिल पत्रावली किया गया। विपक्षीगण बाद अनुपस्थित। विपक्षीगण के विरुद्ध एक-पक्षीय आदेश पारित किए गए। पत्रावली वास्ते निर्णय आगामी दिनांक 23/04/24 को पेश हो।<br><br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियाँ जिला-भीलवाडा | |
| 23/4/24 | पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। पत्रावली में आदेश पारित किए गए एवं विस्तृत आदेश अलग से लिखवाए गए एवं खुले न्यायालय में सुनाए गए। पत्रावली फैसल शुमार होकर, नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।<br><br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियाँ जिला-भीलवाडा | |

## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :- 75/24　　　　　　　　　　　　　　　　तारीख दायर 03/04/24

1. दीपक कुमार पुत्र प्रभुलाल जाति मीणा उम्र वयस्क निवासी कामां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0

..........प्रार्थी

बनाम्

1. गोरू पिता घीसा जाति बलाई उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0
2. अंकित खानपुरिया पिता राकेश जाति मेहर उम्र वयस्क निवासी शास्त्रीनगर दादाबाडी कोटा राज0

..........विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

### –: आदेश :–

दिनांक 23/04/24

प्रार्थना पत्र दीपक मीणा ने जरिये अभिभाषक श्री **मनीष धाकड एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि मौजा ग्राम काछीपुरा पटवार हल्का गणेशपुरा तहसील बिजौलियां की सरहद में **खाता संख्या 19 पर अंकित आराजी संख्या 73 रकबा 0.1133हे0, आराजी संख्या 74 रकबा 0.8256 हे0, आराजी संख्या 75 रकबा 0.1781 हे0 कुल किता 3 रकबा 1.1170 हे0 भूमि** स्थित है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2073–2076 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात की खातेदारी काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक उमाजी का खेडा को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। पत्थरगढी कमिश्नर फीस ~~500~~ नियमानुसार रूपये तय किये जाते हैं। प्रार्थी वक्त पत्थरगढी फीस अदा करेगा।

उप खण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला-भीलवाडा

..........निरन्तर पेज संख्या 2 पर

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेकार्ड एक्ट स्वीकार किया जाकर मौजा ग्राम काछीपुरा पटवार हल्का गणेशपुरा तहसील बिजौलियां की सरहद में खाता संख्या 19 पर अंकित आराजी संख्या 73 रकबा 0.1133हे0, आराजी संख्या 74 रकबा 0.8256 हे0, आराजी संख्या 75 रकबा 0.1781 हे0 कुल किता 3 रकबा 1.1170 हे0 भूमि की बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100 /– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा

कार्यालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ (भीलवाड़ा)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या –75/24 तारीख दायर 03/04/24
प्रेषिति :–तहसीलदार बिजौलियाँ

विषय :– प्रकरण संख्या 75/24 पत्थरगढ़ी बाबत्।

1. दीपक कुमार पुत्र प्रभुलाल जाति मीणा उम्र वयस्क निवासी कामां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0

............प्रार्थी

बनाम्

1 गोरू पिता घीसा जाति बलाई उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0
2. अंकित खानपुरिया पिता राकेश जाति मेहर उम्र वयस्क निवासी शास्त्रीनगर दादाबाडी कोटा राज0

..........विपक्षीगण

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनवानी प्रकरण मे आदेश होकर लेख है मौजा ग्राम काछीपुरा पटवार हल्का गणेशपुरा तहसील बिजौलियां की सरहद में **खाता संख्या 19 पर अंकित आराजी संख्या 73 रकबा 0.1133हे0, आराजी संख्या 74 रकबा 0.8256 हे0, आराजी संख्या 75 रकबा 0.1781 हे0 कुल किता 3 रकबा 1.1170 हे0 भूमि** की बशमलात पडौसीयान के पत्थरगढ़ी की जावें। मौके पर पत्थरगढ़ी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढ़ी कब्जा नही हटाया जावे तथा समक्ष न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें।आदेश पत्थरगढी हेतु भू–अभिलेख निरीक्षक उमाजी का खेडा को कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमिश्नर फीस 500/–रूपये वक्त पत्थरगढी प्रार्थीगण अदा करेगें। पत्थरगडी करने से पहले विपक्षीगणों एवं पडौसियान को सूचित करते हुये पत्थरगडी करें।

पत्थरगढ़ी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करे।

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ

उप खण्ड अधिकारी
बिजौलियां जिला-भीलवाड़ा

कार्यालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ (भीलवाड़ा)